**बदहाली** ताले में कैद है स्वास्थ्य सेवाएं ,कंजई का शासकीय उप स्वास्थ्य केंद्र खुद बीमार

# उप स्वास्थ्य केंद्र प्रशासनिक अनदेखी के कारण हुआ बदहाली का शिकार

**नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव।** शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के उद्देश्य से आयुष्मान आरोग्य मंदिर और हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर जैसे बड़े नाम देकर उप स्वास्थ्य केंद्र तो खोल दिए गए हैं, लेकिन गोटेगांव के समीपस्थ ग्राम कंजई में यह योजना कागजों तक ही सीमित नजर आ रही है। कंजई का शासकीय उप स्वास्थ्य केंद्र अपनी बदहाली और प्रशासनिक अनदेखी के कारण वर्तमान में खुद बीमार पड़ा है। ताले में कैद है स्वास्थ्य सेवाएं ग्रामीणों ने बताया कि यह उप स्वास्थ्य केंद्र अक्सर बंद रहता है। इसके मुख्य गेट से लेकर भवन के दरवाजे तक पर ताला लटका रहता है।

हालात देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह भवन पिछले तीन-चार महीनों से खुला ही नहीं है। भवन के प्रवेश द्वार के सामने बड़ी-बड़ी झाड़ियाँ उग आई हैं और मुख्य द्वार पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जहाँ मच्छरों का प्रकोप बड़े रहा है। स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के मिशन के बीच इस केंद्र की हालत विभाग की




कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। छलांग लगाकर जाना पड़ता है अंदर स्वास्थ्य केंद्र के ठीक बगल से एक कच्ची नाली बह रही है, जिसमें गंदा पानी जमा रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कभी यह केंद्र खुल भी जाता है।

### कर्मचारियों का कोई अता-पता नहीं

मरीजों को भवन के अंदर जाने के लिए उस गंदी नाली के ऊपर से लंबी छलांग लगानी पड़ती है। बीमार व्यक्ति या बुजुर्गों के लिए इस मार्ग से अंदर जाना लगभग नामुमकिन है। मरीजों को भागना पड़ता है गोटेगांव ग्रामवासियों का कहना है कि यहाँ पदस्थ कर्मचारियों का कोई अता-पता नहीं रहता। छोटी-मोटी चोट या मलहम-पट्टी जैसी प्राथमिक सुविधाओं के लिए भी ग्रामीणों को कई किलोमीटर दूर गोटेगांव स्वास्थ्य केंद्र भागना पड़ता है। कर्मचारियों की इस गैर-जिम्मेदारी और केंद्र के बंद रहने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि इस केंद्र को नियमित खुलवाया जाए और यहाँ की गंदगी व झाड़ियों की सफाई कराकर सुगम रास्ता बनाया जाए।

## मां नर्मदा जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभा यात्रा

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस- 32वां सोपान मां नर्मदा जन्मोत्सव के पावन पर्व पर मां नर्मदा मंदिर प्रांगण पटेल वार्ड में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा आगामी दिनांक 18 जनवरी 2026 से 24 जनवरी समय दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक कथा व्यास पंडित श्री सर्वम कृष्ण शास्त्रीजी वृंदावन वालों के मुखारविंद से उपस्थित श्रद्धालुओं को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का रसपान कराएंगे ! वही चरण सेवक पंडित लखनलाल उपम्मन मां नर्मदा मंदिर पुजारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह 32वां सोपान मां नर्मदा जन्मोत्सव के पावन पर्व पर संगीतमय भागवत कथा का आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी किया जाना सुनिश्चित हुआ है जिसमें विविध धार्मिक आयोजन किए जाएंगे 25 जनवरी दिन रविवार को भव्य शोभा यात्रा सुबह 11:00 बजे से मां नर्मदा मंदिर प्रांगण से मुआर घाट प्रस्थान करेगी जहां मां नर्मदा मैया की पूजन अर्चन महा आरती करने के पश्चात विशाल भंडारा आयोजन 3:00 बजे किया जाएगा इसके अलावा रात्रि 8:00 बजे मां नर्मदा मंदिर गोटेगांव पहुंचकर महाआरती कर महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

# सड़क के उड़े परखच्चे, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी

**नवभारत,गोटेगांव।** क्षेत्र की महत्वपूर्ण जीवनरेखा माना जाने वाला गोटेगांव-गर्रा पहुंच मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जबलपुर मुख्य मार्ग को जोड़ने वाले इस अहम रास्ते की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यहाँ से गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं है।

पूरी सड़क पर डामर का नामोनिशान मिट चुका है और अब केवल नुकीले पत्थर और गहरे गड्ढे ही शेष बचे होने के साथ-साथ पूरी सड़क के पर कच्चे उड़ गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि इस सड़क के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार हुआ है और घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल के कारण यह सड़क अपनी समय सीमा से पहले ही उखड़ गई। यह न केवल राहगीरों के लिए परेशानी का सबब है बल्कि सरकारी धन



की बर्बादी का भी प्रत्यक्ष प्रमाण है। सड़क की जर्जर हालत ने सबसे ज्यादा मुश्किल स्कूली बच्चों, किसानों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए खड़ी कर दी है। बारिश का पानी गड्ढों में भर जाने से अक्सर वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। सबसे गंभीर स्थिति आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की है, जहाँ एम्बुलेंस और मरीजों को इस ऊबड़-खाबड़ रास्ते से ले जाने में काफी समय बर्बाद होता है, जो किसी के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है। बार-बार शिकायत के बावजूद विभाग द्वारा कोई ठोस कदम न उठाए जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि इस मार्ग का शीघ्र ही उच्च गुणवत्ता के साथ पुनर्निर्माण कराया जाए ताकि भविष्य में सड़क दोबारा न उखड़े। साथ ही ग्रामीणों ने पूर्व में किए गए घटिया निर्माण के लिए जिम्मेदार ठेकेदारों और अधिकारियों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की मांग भी की है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण एवं श्री सीताराम महायज्ञ 19 से

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** धरातल से लगभग 17 सौ फुट की ऊंचाई पर स्थित धर्म आस्था का सिद्ध स्थल पीपरवानी पान का प्रमुख मृगन्नाथ धाम में विगत 16 वर्षों से चली आ रही श्री सीताराम महायज्ञ की श्रंखला के चलते आगामी 19 जनवरी से 27 जनवरी के बीच 16 वां श्री सीताराम महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का आयोजन किया जा रहा है।19 जनवरी को विशाल कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारंभ होगा वहीं 20 से 26 जनवरी से राधिका किशोरी जी के मुखारविंद से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण दोपहर दो बजे से शाम 05 बजे तक चलेगी। तथा 25 जनवरी को पुण्य सलिला मां नर्मदा जयंती महोत्सव शाम 7 बजे से धूमधाम से मनाया जाएगा।27 जनवरी को विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। यज्ञाचार्य पं शीतल नारायण दीक्षित एवं यज्ञ कर्ता महंत पं बंगडदास जी महाराज रहेंगे।मृगन्नाथ धाम आयोजन समीति ने सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।




## सांदीपनि विद्यालय में रादुविवि जबलपुर के कोऑर्डिनेटर का आगमन

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस शासकीय सांदीपनि विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना रानी दुर्गावती वि.वि जबलपुर के कोऑर्डिनेटर डॉ. आर.के मेहरा का आगमन हुआ सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्य एस.के सिसोदिया एवं कार्यक्रम अधिकारी संजीव कुमार नाहर द्वारा पुष्प गुच्छ से डॉ मेहरा का स्वागत कर संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तत्पश्चात डॉ. मेहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरुआत 24 सितंबर, 1969 को महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में की गई थी।

# युवा सम्मेलन का आयोजन तीन सत्रों में किया गया

**नवभारत,नरसिंहपुर।** युवा सम्मेलन का आयोजन तीन सत्रों में किया गया प्रथम सत्र में ध्वज प्रणाम के साथ शाखा लगाई गई। विभिन्न खंडों से आए स्वयंसेवकों ने शारीरिक व्यायाम एवं खेल गतिविधियों में सहभागिता कर अनुशासित जीवन और उत्तम स्वास्थ्य के महत्व को आत्मसात किया। द्वितीय सत्र में संघ द्वारा घोषित पंच परिवर्तन विषय पर सकारात्मक एवं विचारोत्तेजक चर्चा हुई। इसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी जैसे विषयों पर विस्तार से विमर्श किया गया। साथ ही नशा मुक्ति को सामाजिक दायित्व के रूप में अपनाने का आह्वान किया गया। तृतीय सत्र में



मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ताओं के उद्बोधन हुए। इस अवसर पर सह प्रांत प्रचारक श्रवण जी, मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी अचलानंद महाराज परमहंसी, जिला संघ चालक आदित्य मोहन एवं विभाग कार्यवाह प्रहलाद पटेल मंचासीन रहे। सह प्रांत प्रचारक श्रवण ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ के सौ वर्षों की यात्रा का मूल उद्देश्य राष्ट्र के प्रति स्वाभिमान की भावना को जागृत करना है। उन्होंने डॉ. हेडगेवार के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत पर हुए बाहरी आक्रमणों का मुख्य कारण हिंदु समाज में स्वाभिमान की कमी रही है। उन्होंने कहा कि जब युवाओं के मन में भारत माता के प्रति श्रद्धा जागेगी, तभी वे देश, समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। युवाओं को चाहिए कि वे करियर और परिवार के साथ-साथ राष्ट्र के लिए भी चिंतन करें। स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर युवाओं को भारत को पुन: विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेना चाहिए। मुख्य अतिथि ब्रम्हचारी अचलानंद महाराज परमहंसी ने कहा कि भगवान राम ने सोने की लंका जीतने के बाद उसे विभीषण को सौंप दिया, क्योंकि उनके लिए जननी और जन्मभूमि सर्वोपरि थीं। युवा वह शक्ति है जो हर सकारात्मक परिवर्तन का आधार बन सकती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी क्षमता, साहस और गुणों का उपयोग राष्ट्र की उन्नति एवं गौरव बढ़ाने में करें। सम्मेलन के अंत में युवाओं ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।



## गणतंत्र दिवस आयोजन की बैठक

**नवभारत,करेली।** आज दिनांक 09 जनवरी को नगर पालिका परिषद करेली के सभा कक्ष में अध्यक्ष की अध्यक्षता में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास से मनाए जाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह को सफल, सुव्यवस्थित एवं भव्य रूप से आयोजित करने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गए। बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी महोदय,नगर पालिका की उपाध्यक्ष महोदय, समस्त पार्षदगण, नगर के गणमान्य नागरिक, नगर के पत्रकारगण, शैक्षणिक संस्थाओं के प्राचार्य प्रधान पाठक, विभिन्न सामाजिक समितियों के अध्यक्ष/सचिव एवं नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## डॉ . वर्षा श्रीवास्तव का यूपीएससी से चयन कृषि मंत्रालय में संयुक्त निदेशक पद पर नियुक्ति



**नवभारत,गाडरवारा।** नगर के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि शास्त्री वार्ड निवासी दिनेश श्रीवास्तव एवं शशिकांता श्रीवास्तव की पुत्री डॉ. वर्षा श्रीवास्तव का चयन यूपीएससी से संयुक्त निदेशक ज्वाइन डायरेक्टर के पद पर हुआ है। वर्तमान में वे भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत फसल विकास निदेशालय में पदस्थ की गई हैं। डॉ. वर्षा श्रीवास्तव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गाडरवारा से प्राप्त की तथा जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर से पीएचडी की उपाधि हासिल की है। इससे पूर्व वे कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग एवं अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में रिसर्च एसोसिएट के पद पर कार्यरत थी। उनकी यह उपलब्धि निरंतर परिश्रम, लगन, अनुशासन और परिवार के मजबूत सहयोग का परिणाम है। डॉ. वर्षा की सफलता ने न केवल श्रीवास्तव परिवार बल्कि पूरे गाडरवारा और अंचल का मान बढ़ाया है तथा युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बनी है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर नगरवासियों, शुभचिंतकों और शिक्षण जगत की ओर से उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ बधाईयां दी गई हैं।

## नैतिक झारिया का मध्य प्रदेश की नेशनल टीम में चयन



**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस- अंडर-19 स्कूल गेम्स नेशनल चैंपियनशिप मध्य प्रदेश की टीम में नैतिक झारिया का सिलेक्शन हुआ है। नैतिक झारिया गोटेगांव क्षेत्र का ही नहीं बल्कि नरसिंहपुर जिले का गौरव बढ़ाया है । नैतिक झारिया नंदलाल झारिया के पुत्र हैं जो जागृति नगर गोटेगांव के निवासी हैं और मुरलीधर स्कूल में शिक्षा ग्रहण की है । नैतिक झारिया की सफलता पीछे मुरलीधर स्कूल एवं मणिनागेंद्र सिंह फाऊंडेशन गोटेगांव का बहुत बड़ा सहयोग है । समय-समय पर नैतिक झारिया को स्कूल प्रबंधन एवं मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के द्वारा खेल के प्रति प्रोत्साहित किया जाता रहा है । नैतिक झारिया की इस उपलब्धि के लिए परिजनों , सहपाठियों , स्कूल प्रबंधन और मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन गोटेगांव की ओर से बधाई प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

## बैंक के सामने पार्किंग व्यवस्था नहीं है

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** इन दिनों पार्किंग व्यवस्था को लेकर विवादों की मुख्य बजह देखने को मिल रही है। जिला प्रशासन ने भी सुधार की दिशा में पार्किंग वाले क्षेत्रों में नोटिस भेजना शुरू किया था लेकिन तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय में इसका कोई असर नहीं पड़ा है।बस स्टैंड से मंडी चौराहे तक सड़क मार्ग सड़कें चौड़ी बन जाने के बाद भी पार्किंग व्यवस्था और आवागमन में पीड़ा दायक बनें हुए हैं। तेंदूखेड़ा के पुराने बस स्टैंड से कृषि उपज मंडी तरफ जाने वाली सड़क मार्ग पर बैंकिंग क्षेत्र की संस्थाओं डाक्टरों की क्लीनिकें सोने चांदी और अनाज व्यापारियों की दुकानें बड़ी संख्या में हैं। लेकिन इस सड़क मार्ग पर आज स्थिति यह बनीं हुई है कि चौड़ी सड़क बन जाने के बाबजूद भी सड़क आज सकरी बनीं हुई है।मनचले तरीके से लोगों को बाहन खड़ा करके जाना सामने तरफ से आने वाले भारी वाहनों को बाहन निकालने में होने वाली परेशानी हाट टांक देखने को मिला करती है। ऊपर से मवेशियों का जमावड़ा कोड़ में खाज वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है।

## 45 वां श्री सवितृनारायण महायज्ञ 25 जनवरी से

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र सहित आसपास क्षेत्रों में धार्मिक आयोजन की श्रंखला चल रही है। इसी श्रंखला के चलते समीपी सिद्ध स्थल श्री राम रसिया धाम सीहोरा में 45 वां श्री सवितृनारायण महायज्ञ का आयोजन आगामी 25 जनवरी से 1 फरवरी तक होगा।25 जनवरी से विशाल कलश यात्रा मां नर्मदा जी के पावन तट बौरास घाट से निकाली जायेगी। साथ ही प्रतिदिन सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक पं नवीन बिहारी जी महाराज एवं दोपहर डेढ़ बजे से शाम 04 बजे तक पं श्याम मनावत जी महाराज के मुखारविंद से संगीतमय कथा का वर्णन किया जायेगा। यज्ञाचार्य पं राघवाचार्य महाराज रहेंगे। गौरतलब रहे कि श्री राम रसिया धाम सीहोरा एक सिद्ध स्थल है जहां प्रत्येक मंगलवार को बैठक के माध्यम से संकटमोचक आस्थावान भक्तों के संकटों को दूर करते हुए हर मुराद पूर्ण करते हैं।



## नर्मदा मैया के जयकारों से गूंजा ककरा घाट, युवा शक्ति समिति ने अर्पित की चुनरी

**नवभारत,गाडरवारा।** स्थानीय धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में अग्रणी श्री नव दुर्गा युवा शक्ति समिति द्वारा रविवार को मां नर्मदा के प्रति अटूट श्रद्धा प्रकट की गई। समिति के तत्वावधान में मां नर्मदा के ककरा घाट पर चुनरी अर्पण, विधि-विधान से पूजन और विशाल भंडारे का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत रविवार सुबह नगर के शक्ति चौक से हुई। यहाँ समिति के सदस्यों ने धर्म ध्वज का पूजन किया और मां नर्मदा के लिए चुनरी लेकर पदयात्रा प्रारंभ की। पदयात्रा के दौरान युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। हाथों में केसरिया धर्म ध्वज थामे युवा नर्मदे हर और मां नर्मदा के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा मार्ग गुंजायमान हो उठा। पदयात्रा के ककरा घाट पहुँचने पर मां नर्मदा की विशेष आरती उतारी गई। मंत्रोच्चार के बीच समिति के सदस्यों ने मां नर्मदा को चुनरी और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान घाट पर मौजूद अन्य श्रद्धालुओं ने भी मां नर्मदा के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

**नवभारत,करेली।** नगर करेली में दिनांक 11 जनवरी से भव्य एवं दिव्य संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। रॉयल सिटी कॉलोनी, नागेश्वर मंदिर के पास आयोजित किया जा रहा है।कथा के शुभारंभ प्रात:काल विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता दी।



सिर पर कलश धारण किए मातृशक्ति, ढोल-नगाड़ों की गूंज,भजन-कीर्तन और हर-हर महादेव व ? नम: शिवाय के जयघोष के साथ भ्रमण करती हुई शोभा यात्रा कथा स्थल पर पहुँची पावन अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक गोस्वामी महंत कमलगिरी महाराज (इंदौर) द्वारा श्री शिव महापुराण कथा का रसपान कराया जा रहा है। प्रथम दिवस की कथा में महाराज श्री ने शिव तत्व की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करके कहा कि भगवान शिव ही इस समस्त सृष्टि के मूल आधार हैं। जीव अनेक जन्मों तक भटकता रहता है, किंतु सत्संग और शिव भक्ति के बिना उसे मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं।महाराज श्री ने कहा कि श्री शिव महापुराण केवल एक धार्मिक कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, भक्ति, संस्कार और सदाचार से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। कथा श्रवण से मनुष्य के पापों का नाश होता है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है।कथा प्रारंभ से पूर्व विधिवत पूजन-अर्चन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए, जिनमें बड़ी संख्या में भक्तजनों ने सहभागिता निभाई। संपूर्ण वातावरण भक्तिमय, शांत एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण बना रहा। सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा11 जनवरी से 17 जनवरी 2026 तक प्रतिदिनदोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जाएगी।आयोजन समिति ने नगर करेली सहित आसपास के क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से सपरिवार पधारकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ लेने की अपील की है। समिति ने बताया कि यह आयोजन नगर में आध्यात्मिक चेतना के प्रसार, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का प्रतीक बन चुका है।

# नगर को हरा-भरा बनाने का संकल्प, कदम संस्था ने मनाई 20वीं वर्षगांठ

**नवभारत,गाडरवारा।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी कदम संस्था ने अपनी सेवा के 20 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य आयोजन किया। शर्मा डेयरी के पास स्थित संस्कार पैलेस में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था ने न केवल पौधारोपण की अपनी परंपरा को निभाया, बल्कि नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का सम्मान कर एकता और सेवा का संदेश भी दिया।

मंत्रोच्चार के साथ हुआ पौधारोपण कदम संस्था की मुख्य विशेषता जन्मदिन पर पौधारोपण के तहत कार्यक्रम में कई नागरिकों का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर गुलाब बाई सोनी, गोपाल गुप्ता, ओम प्रकाश पाराशर, कुमारी शिवानी नीखरा, चिरंजीव शौर्य साहू, सम्राट नीखरा, नयन बिलझारिया, लविश भोजवानी और कबीर शुक्ला के जन्मदिन पर पौधे रोपे गए। उपस्थित कदम साथियों ने गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र के जाप के साथ सभी को स्वस्थ और दीर्घायु जीवन



की शुभकामनाएं दीं। सामाजिक संस्थाओं का हुआ सम्मान संस्था ने अपनी 20वीं वर्षगांठ को सम्मान समारोह के रूप में मनाते हुए गाडरवारा की उन संस्थाओं को सम्मानित किया जो समाज सेवा में अग्रणी हैं। सम्मानित होने वाली संस्थाओं में प्रमुख रूप से शामिल रहीं रोटरी क्लब, साईं श्रद्धा सेवा समिति, विशाल राम रोटी, सत्य साईं सेवा समिति। मानव सेवा संघ, बिजयासन पैरा मेडिकल, हेल्पिंग हैंड्स। वृक्ष मित्र संस्था (सालेचोका), गौशाला समिति गाडरवारा। लीनेश क्लब, इनर व्हील क्लब, महिला पतंजलि योग समिति और तहसील वैश्य महिला इकाई। अतिथियों ने सराहा कदम का जज्बा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत ने अपने उद्बोधन में कहा कि कदम संस्था ने बीते दो दशकों में गाडरवारा को हरा-भरा बनाने में जो भूमिका निभाई है,वह प्रेरणादायी है। कार्यक्रम को मिनेन्द्र डागा, सुरेन्द्र साहू, डॉ. स्वाति कुरचानिया, मनोज वसा और संत जयंती ने भी संबोधित किया।

### जन्मदिन पर उपहार में दें एक पौधा

वक्ताओं ने कहा कि किसी संस्था का निरंतर 20 वर्षों तक सेवा पथ पर डटे रहना उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अध्यक्ष की अपील संस्था के अध्यक्ष अजय खत्री ने सभी सामाजिक संस्थाओं के कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने नगरवासियों से मार्मिक अपील करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध हवा और बेहतर पर्यावरण देने के लिए हम सभी को अपने और अपने परिजनों के जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा रोपने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में कदम संस्था के कर्मठ सदस्यों के साथ-साथ नगर के गणमान्य नागरिक और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण आवश्यक, विभिन्न ग्रामों में संपन्न हुई बूथ बैठकें

**नवभारत,साईखेड़ा।** झांझनखेडा कामती क्षेत्रीय विकास और सांगठनिक मजबूती को लेकर ग्राम झांझनखेडा, कामती, भूतखेडा, खुरसीपार, खैरी एवं खिरिया में विशेष बूथ बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में मुख्य रूप से संगठन की कार्यप्रणाली और आगामी चुनाव रणनीतियों के साथ-साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान एस.आई.आर. (मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान) के अंतर्गत मंडल स्तर पर बूथ वार सूचियों की बारीकी से जांच की गई। कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे सुनिश्चित करें कि क्षेत्र का कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का त्रुटिरहित होना अनिवार्य है, इसी उद्देश्य के साथ मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने और नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया पर मंथन हुआ। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना हमारी प्राथमिकता है।